nt>
Title: Need to start air service from Delhi to Toli-Grant in Dehradun, Uttar Pradesh.

मेजर जनरल भुवन चन्द्र खण्डूरी, एवीएसएम (गढ़वाल) : माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से अपने क्षेत्र में जो एयर सर्विसेस अवेलेबल हैं उनके बारे में माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। गढ़वाल मंडल जहां से मैं आता हूं, देहरादून में केवल एक टाली ग्रांट नामक स्थान है जहां के लिए दिल्ली से देहरादून के लिए एक एयर सर्विस प्रति दिन चलती थी, लेकिन जब से वायुदूत सेवा बन्द हुई है, तब से दिल्ली से देहरादून के लिए चलने वाली वह वायु सेवा भी बन्द हो गई है।

सभापति महोदय, देहरादून और उसके आसपास का तमाम क्षेत्र, पूरा गढ़वाल मंडल पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र है। देहरादून में ओ.एन.जी.सी. का दफ्तर है, आई.ए.एस.अकादमी है, फारेस्ट रिसर्च इंस्टीटयूट है, वाडिया इंस्टीटयूट है और अनेक प्रकार के महत्वपूर्ण संस्थान अवस्थित हैं। इनके अतिरिक्त उस क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन भी बहुत होता है क्योंकि वहां केदारनाथ, बद्रीनाथ और हेमकुंड धाम हैं, वहां फ्लावर वैली है। वहां पर माउंटेनियरिंग होती है जिसके लिए देश ि वदेश से माउंटेनीयर्स आते हैं, वहां पर स्नो के बहुत अच्छे-अच्छे ट्रैक्स हैं जिन पर आईस्टेकिंग के लिए राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के अनेक खिलाड़ी आते हैं। देश विदेश से पर्वतारोहियों के साथ-साथ अन्य अनेक पर्यटक आते हैं, लेकिन दिल्ली से देहरादून, वायु सेवा से जुड़ा न होने के कारण देश विदेश के तमाम पर्यटकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से पर्यटन मंत्री और नागरिक उड्डयन मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि वे इस ओर तुरंत ध्यान दें और देहरादून के जौली ग्रांट के लिए दिल्ली से वायु सेवा अविलंब प्रारंभ करें।

... (Interruptions)

SHRI RUPCHAND PAL (HOOGLY): Sir, I want to raise a very important matter. However, I am sorry to point out that I have not been given an opportunity to raise this matter. A son of a sitting M.P. has been kidnapped in Agartala. (Interruptions).

MR. CHAIRMAN : Shri Rupchand Pal, why do you presume that I have not taken note of it? You will get a chance.

... (Interruptions)